प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 06.06.2026**

थाना गजनेर पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना क्षेत्र में भटकते मिले 01 नाबालिक बच्चे को उसके परिजनों को सुपुर्द कर लौटाई खुशियां-

कृपया अवगत कराना है कि पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद कानपुर देहात श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में गुमशुदा बच्चों को तलाश कर उनके परिजनों को सुपुर्द करने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में, आज दिनांक 06.06.2026 को ड़ायल 112 के माध्यम से कॉलर श्री रामजी पुत्र बाँकेलाल निवासी अरसदपुर भटुइया थाना शिवली जनपद कानपुर देहात द्वारा सूचना दी गयी कि 01 बच्चा उम्र करीब 07 वर्ष गजनेर-रायपुर रोड पर निनायां मोड़ पर खड़ा है। उक्त सूचना पर पीआरवी 8192 कर्मचारियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर उक्त बच्चे को थाना स्थानीय पर लेकर आये, जिसके परिजनों की जानकारी हेतु थाना गजनेर पुलिस द्वारा आस-पास के थानों से सम्पर्क किया गया एवं सोशल मीडिया ग्रुप्स की सहायता से उसकी माँ श्रीमती अर्चना पत्नी श्री विष्णु अवस्थी निवासी ग्राम दुरौली थाना रेऊना जनपद कानपुर नगर हाल पता रनियां बाजार डी.एस.शुक्ला के मकान में किराये पर थाना रनियां जनपद कानपुर देहात से सम्पर्क हुआ। तत्पश्चात बच्चे के परिजन थाना स्थानीय पर उपस्थित आये एवं परिजनों व बच्चे की मां अर्चना उपरोक्त को उसके पुत्र छोटू उम्र करीब 07 वर्ष को सकुशल सुपुर्द करने पर परिजनों द्वारा थाना गजनेर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

गुमशुदा को सुपुर्द करने वाली टीम थाना गजनेर पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री सूर्यप्रताप सिंह
2. हे0कां0 603 महेन्द्र बहादुर सिंह
3. हे0कां0 303 शैलेन्द्र कुमार बाजपेई